RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 27 | अंक : 305 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


# दिल्ली के बाजारों में बड़े धमाकों की साजिश

## ISIS टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में ISIS टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने इस मॉड्यूल से जुड़े दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, इस मॉड्यूल से जुड़े दो संदिग्ध गिरफ्तार किए जा चुके हैं। दोनों संदिग्ध आतंकवादियों में से एक दिल्ली का रहने वाला है। दूसरा मध्य प्रदेश का है।

बताया जा रहा है कि इन आतंकियों के पास से संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है। इस मॉड्यूल से जुड़े एक आतंकी की गिरफ्तारी भोपाल से हुई है। वहीं, दूसरे संदिग्ध की गिरफ्तारी दिल्ली से हुई है। दिल्ली के ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाके इन आतंकियों के टारगेट पर थे।

शुरुआती जांच में सामने आया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकी आत्मघाती हमले के लिए ट्रेनिंग ले चुके थे। पुलिस ने बताया कि वे अपनी योजना के काफी करीब थे। इन दोनों आतंकियों के पास से गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए संदिग्ध की पहचान अदनान के तौर पर हुई है।

मामले में एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी ISIS से जुड़े थे और दिल्ली में एक बड़े टेरर स्ट्राइक की प्लानिंग कर रहे थे। उनके पास से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और (शेष पृष्ठ-4 पर)

## स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के चार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी के बाद हड़कंप मच गया है। इनमें से तीन स्कूलों में जांच के बाद धमकी को हॉक्स यानी झूठी जानकारी घोषित कर दिया गया है। एक स्कूल में अभी भी तलाशी अभियान जारी है।

दिल्ली के जिन स्कूलों को धमकी मिली है, वे द्वारका, गोयल डायरी और प्रसाद नगर में स्थित हैं। फायर और पुलिस की गाड़ियां मौके पर तैनात हैं और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

जिन चार स्कूलों को बम की धमकी मिली थी, उनमें से गोयल डायरी और प्रसाद नगर स्थित स्कूलों में जांच पूरी हो गई है। पुलिस के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इन दोनों स्कूलों में कोई बम (शेष पृष्ठ-4 पर)

### रबूपुरा का अनिकेत प्रकरण

# पिटाई से घायल युवक की मौत, परिजनों ने लगाया जाम



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रबूपुरा थाना क्षेत्र के सैय्यद का तालाब क्षेत्र में 15 अक्टूबर को जन्मदिन की पार्टी मना रहे अनुसूचित जाति के दो युवकों पर हुए जानलेवा हमले के बाद, घायल युवक अनिकेत की 9 दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई है। इस घटना से आक्रोशित अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर महाराणा प्रताप चौक के पास सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर रबूपुरा कोतवाली प्रभारी सुजीत कुमार उपाध्याय, थाना इकोटेक-1 कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा, दनकौर प्रभारी मुनेन्द्र सिंह, जेवर प्रभारी संजय सिंह भी पहुंचे।

आपको बता दें कि बर्थडे पार्टी के दौरान 15 अक्तूबर को हुई मारपीट में घायल हुआ रबूपुरा के आंबेडकर नगर मोहल्ला निवासी (17 वर्षीय) अनिकेत ने शुक्रवार तड़के उपचार के दौरान नई दिल्ली स्थित लोकनायक अस्पताल में दम तोड़ दिया। मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने रबूपुरा में प्रदर्शन किया। वहीं मृतक के घर पर सांत्वना देने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से रबूपुरा, इकोटेक और जेवर थाने की पुलिस मौके पर तैनात है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## पीड़ित परिवार से मिले जेवर के विधायक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रबूपुरा के अनिकेत प्रकरण में दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने पीड़ित परिवार की सीएम योगी आदित्यनाथ से फोन पर वार्ता भी करवाई। रबूपुरा के अनिकेत प्रकरण को लेकर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि 'दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।' उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। आज सुबह ही जेवर विधायक (शेष पृष्ठ-4 पर)



## सैंथली कांड में गिरफ्तारी को लेकर कमिश्नर से मिले परिजन




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा के सैंथली गांव में ताऊ-भतीजा की गोली मारकर हत्या के मामले में मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज मृतकों के परिजन शुक्रवार को सूरजपुर स्थित पुलिस आयुक्त मुख्यालय पहुंचे। यहां परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। इसके बाद परिजनों की मुलाकात गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह से कराई गई। पुलिस कमिश्नर ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द कर ली जाएगी। कमिश्नर से मिलने के बाद परिजन वापस लौट गए। आपको बता दें कि थाना जारचा क्षेत्र के सैंथली गांव में बीते (शेष पृष्ठ-4 पर)

# भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के गाँव से पीएम का चुनावी आगाज

**समस्तीपुर (बिहार) (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में विधानसभा चुनावों को लेकर चुनावी आगाज कर दिया है। आज प्रधानमंत्री बिहार के समस्तीपुर में स्थित भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के गांव पहुंचे। उनका विमान सुबह 10:30 बजे के करीब दरभंगा एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से वह हेलीकाप्टर से समस्तीपुर के दूधपुरा पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर पहुंचे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यहां पीएम मोदी का स्वागत किया। इसके बाद दोनों सड़क मार्ग से बिहार के दो बार सीएम रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर के पैतृक गांव 'कर्पूरी ग्राम' पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने बिहार चुनाव के लिए यहीं से बीजेपी और एनडीए के प्रचार अभियान की शुरुआत की है। निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव के ऐलान बाद पीएम मोदी का यह राज्य का पहला दौरा है। इस दौरान हुई जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अब बिहार में लालटेन की जरूरत नहीं है।



पीएम नरेंद्र मोदी ने जनसभा में आए लोगों से मोबाइल की लाइट जलाने के लिए कहा। इसके बाद जब लोग मोबाइल का लाइट जलाकर खड़े हुए (शेष पृष्ठ-4 पर)

# पति ने किया प्रताड़ित तो पत्नी ने लगा ली फांसी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि पति की प्रताड़ना से त्रस्त होकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना जेवर प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि ग्राम सलेमपुर जनपद बुलंदशहर निवासी सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी रूबी की शादी 28 फरवरी 2017 को ग्राम कानीगढ़ी निवासी कृष्ण पुत्र शिवराम के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसकी बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। 21 अक्टूबर की शाम को उनकी बेटी रूबी ने अपनी मां को फोन कर बताया कि कृष्ण ने उसके साथ काफी मारपीट की है। फोन पर उनकी बेटी काफी परेशान लग रही थी। 22 अक्टूबर की सुबह उनके पास फोन आया कि रूबी ने फांसी लगा ली है और उसे जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब वह जेवर स्थित अस्पताल में पहुंचे तो पता चला कि उनकी बेटी की मौत हो चुकी है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## गाड़ी रूकवाकर की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ऑफिस से वापस अपने घर लौट रहे एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने उसकी गाड़ी रुकवाकर गाली-गलौज व मारपीट की। मारपीट में युवक को चोटें आई हैं। पीड़ित ने थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम धनसिया निवासी ललित कुमार ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात्रि को वह अपने ऑफिस से घर जा रहा था। रास्ते में घंसिया रोड पर दस्तानपुर गांव के गौरव विक्रम व बबलू ने उसकी गाड़ी रूकवा ली। गाड़ी रुकते ही इन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने उसे गाड़ी से नीचे खींच लिया और मारपीट की। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को देखकर तीनों आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक मारपीट में उसे काफी चोट आई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# सेक्टर-27 में डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

## शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई कर रिपोर्ट पेश करें अधिकारी : मेधा रूपम

**नोएडा (चेतना मंच)।** आज जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सेक्टर-27 स्थित कैम्प कार्यालय पर बैठकर लोगों की जनसमस्याएं सुनीं।

इस दौरान जिले के विभिन्न इलाकों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान बिजली, पानी, सड़क, राजस्व, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी कई शिकायतें सामने आईं। कुछ मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जांच करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि



जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में उठाए गए मामलों पर फॉलोअप कार्रवाई सुनिश्चित करें और प्रत्येक शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही प्रशासनिक व्यवस्था की बुनियाद है, इसलिए अधिकारियों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। मालूम हो कि अब हर शुक्रवार को सेक्टर-27 स्थित कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की जाती है।

## थैले में भरा था गांजा पुलिस ने दबोचा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी पुलिस ने मादक पदार्थ विक्रेता को गिरफ्तार किया है। इसके पास से गांजा बरामद हुआ है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को रेलवे रोड की तरफ से एक व्यक्ति थैला लेकर आते हुए दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को देखकर वह सकपका कर पीछे मुड़कर वापस जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसे घेर कर रोक लिया और भागने का कारण पूछा। उक्त व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसके थैले में गांजा रखा हुआ है इस कारण यह वह पुलिस को देखकर भाग रहा था। तलाशी में इसके पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सुनील पुत्र शिव कुमार निवासी दौलत राम मार्केट कस्बा दादरी बताया। सुनील ने बताया कि वह गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर उन्हें नशे के आदि लोगों को बेचता है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## सीआरपीएफ के हवलदार की सड़क हादसे में मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क हादसे में सीआरपीएफ के हवलदार की मौत हो गई। हादसे में सीआरपीएफ के जवान के रिश्तेदार भी घायल हुए हैं। वहीं थाना दनकौर क्षेत्र में जेपी इंफ्राटेक कंपनी के सुपरवाइजर की हाइड्रा की चपेट में आने से मौत हो गई। बाबा बकाला अमृतसर पंजाब निवासी कंचन किशोर दुबे अपने परिवार के साथ अपनी एक्सेंट गाड़ी से पंजाब से झारखंड के लिए जा रहे थे। कार में उनकी पत्नी रूपलता, बेटा मानस दुबे (8 वर्ष) तथा उनके मामा वीरेंद्र कुमार शुक्ला सवार थे। यमुना एक्सप्रेस-वे के 33.550 माइलस्टोन के पास उनके आगे जा रहे अज्ञात वाहन ने अचानक कट मारते हुए ब्रेक लगा दिए। इस वजह से उनकी गाड़ी अन्य वाहन से टकरा गई। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आगे जा रहा वाहन का चालक अपने वाहन को मौके से लेकर भाग गया। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना जेवर पुलिस ने घायलों को जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान वीरेंद्र कुमार शुक्ला की मौत हो गई। जबकि कंचन किशोर दुबे, रूपलता दुबे व मानस दुबे का इलाज चल रहा है। हादसे में जान गंवाने वाले (शेष पृष्ठ-4 पर)

### हाईड्रा क्रेन ने सुपरवाइजर को कुचला, दुर्घटना में दो युवक घायल

## जेवर एयरपोर्ट की भूमि पर अवैध निर्माण, 90 लोगों पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जेवर एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित की गई भूमि पर अवैध निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को अमल में लाया गया है। अवैध निर्माण करने वाले 90 लोगों के खिलाफ थाना रबूपुरा में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस कार्रवाई से अधिग्रहित जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

क्षेत्रीय लेखपाल पवन दुबे ने थाना रबूपुरा में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण स्टेज-2 फेस-1 की परियोजना के विकास के लिए ग्राम रंहेरा, कुरेब, करौली बांगरपुर, दयानतपुर, बीरमपुर व मूढरह की 1181.2793 भूमि अधिग्रहित किए जाने के लिए शासनादेश जारी किया गया था। अधिग्रहण के लिए अधिसूचना भी जारी की गई थी इसके बावजूद भी ग्राम करौली बांगर में कन्हैया, सिद्धार्थ, शिवकुमार, पप्पू, सुशील, अमरपाल, बिंद्रा, ज्योति स्वरूप, रविंद्र, प्रवीण, राजू, शहजाद, इंद्रलाल, सूरजमुखी, पिंटू, हरकिशन, भीम, तेज सिंह, द्रोपा, अजय, शंकर, विनोद, महेश, महेंद्र, किरण देवी, वेद प्रकाश, शिव कुमार, बिजेंदर, लोकेश, अमित सहित करीब 90 लोग अधिग्रहित भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। कई बार जिला प्रशासन द्वारा (शेष पृष्ठ-4 पर)

## चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो तमंचे, चोरी की स्कूटी व दो बाइक बरामद हुई हैं। पकड़े गए वाहन चोर चोरी के वाहनों को बेचने के फिराक में थे, लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पकड़े गए दोनों वाहन चोर चोरी किए गए वाहनों के पार्ट्स को अलग-अलग कर बेचते थे। थाना बिसरख क्षेत्र के शाहबेरी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हत्येंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि दो बदमाश एक गाड़ी में एक्टिवा अपाचे व (शेष पृष्ठ-4 पर)

# सांसद ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभाएं





**पटना (चेतना मंच)।** बिहार प्रवास के दौरान गौतमबुद्धनगर के सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, ने औरंगाबाद जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं एवं सांगठनिक बैठकों में भाग लिया। उन्होंने एनडीए के कर्मठ एवं सुयोग्य उम्मीदवारों के समर्थन में जनता से अपील की कि वे विकास और सुशासन की सरकार बनाने हेतु एनडीए गठबंधन को भारी बहुमत से विजयी बनाएं।

डॉ. शर्मा ने औरंगाबाद में पूर्व सांसद सुशील सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा तथा विधानसभा प्रभारी दीपक से भेंट की। इस दौरान बैठक में बिहार विधानसभा चुनावों को लेकर विस्तृत और सार्थक चर्चा की। संगठन की रणनीति, बूथ सशक्तिकरण, युवाओं की भागीदारी और विकास के मुद्दों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इसके साथ ही गया ज़िले के गुरुआ विधानसभा क्षेत्र में एनडी, (भाजपा) के (शेष पृष्ठ-4 पर)

## न्यूज चैनल के एडिटर का मोबाइल चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा स्टेडियम में एक न्यूज़ चैनल द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच में चैनल के मैनेजिंग एडिटर का मोबाइल फोन चोरी हो गया। मैनेजिंग एडिटर ने थाना सेक्टर-24 में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

एक न्यूज़ चैनल में मैनेजिंग एडिटर के पद पर कार्यरत राहुल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके चैनल द्वारा 18 अक्टूबर को नोएडा स्टेडियम में क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया था। क्रिकेट मैच के दौरान उनके पॉकेट में रखा उनका आईफोन चोरी हो गया। इस बात की जानकारी मिलने (शेष पृष्ठ-4 पर)

चेतना मंच
website:www.chetnamanch.com
Chetna Manch | Chetna Manch
सम्पादकीय
नोएडा
शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025


## अंगदान

देश में यदि अंगदान हेतु जागरूकता व प्रेरणादायक राष्ट्रव्यापी मुहिम चलाई जाए तो हर साल हम लाखों ज़िंदगियां बचा सकते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि देश में इसके लिये सरकार व समाज के स्तर पर गंभीर पहल अब तक नहीं की गई। वहीं कई अंधविश्वास और धार्मिक रूढ़िवादिता के चलते लोग अपने परिजनों के निधन पर अंगदान करने से परहेज़ करते हैं। विडंबना यह है कि देश में दशकों से इस मुद्दे पर चर्चा करने के बावजूद आज दस लाख लोगों पर सिर्फ़ 0.9 अंगदाता हैं, जबकि एक छोटे से देश स्पेन का उदाहरण लें तो वहां यह दर तीस से ज़्यादा है। यही वजह है कि जागरूकता के अभाव में हर साल लाखों मरीज़ अंग प्रत्यारोपण के इंतज़ार में मर जाते हैं। वहीं कई अन्य लोग अंग प्रत्यारोपण न हो पाने के कारण जीवन पर्यंत विकलांगता का जीवन जीने को अभिशप्त रहते हैं। इस राष्ट्रीय चुनौती को महसूस करते हुए केंद्र सरकार ने सभी अस्पतालों को अपने आईसीयू में अंग और ऊतक दान को प्रेरित करने वाली टीमें तैनात करने के निर्देश दिए हैं। निश्चित रूप से यह ज़रूरी है और समय की मांग भी है। इस दिशा में दशकों से प्रयासरत राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन एनओटीटीओ ने अब हर अस्पताल से ब्रेन-स्टेम डेथ कमेटी के सदस्यों और परामर्शदाताओं वाली एक समर्पित टीम बनाने का आग्रह किया है, जो मृतकों के परिवारों को इस प्रक्रिया में भागीदारी के लिये मार्गदर्शन करेगी। यह एक ज़रूरी कदम है क्योंकि समय पर परामर्श, जागरूकता और समन्वय के अभाव में हम उपयोग में आने वाले अंगों के दान से वंचित हो जाते हैं। हम अक्सर देखते हैं कि जब तक शोकसंतप्त परिवारों से संपर्क किया जाता है, तब तक अंग या ऊतक की पुनर्प्राप्ति का रास्ता हमेशा के लिये बंद हो चुका होता है। निश्चित रूप से इस दिशा में सार्वजनिक शिक्षा और पारदर्शी व्यवस्थाएं इस विश्वास की कमी की खाई को पाट सकती हैं। निस्संदेह, सरकारी निर्देश ही समस्या का समाधान नहीं है। कई अस्पतालों, ख़ासकर छोटे शहरों में, अंग प्रत्यारोपण समन्वयकों, प्रशिक्षित आईसीयू कर्मचारियों और यहां तक कि अंगों के संरक्षण और परिवहन के लिये बुनियादी ढांचे का भी नितांत अभाव होता है। इस दिशा में गंभीर पहल न हो पाने के कारण अंग प्रत्यारोपण के मामले में निजी क्षेत्र के अस्पताल ही अभी आगे हैं, जबकि सरकारी अस्पताल इस दिशा में पिछड़ गए हैं। सरकारी अस्पतालों में अंगदान करने के लिये शोकसंतप्त परिवारों को प्रेरित करने के लिये प्रशिक्षण, संसाधन जुटाने तथा प्रोत्साहन के लिये पर्याप्त आर्थिक संसाधन जुटाने की ज़रूरत है। जब वित्तीय मदद और अन्य सुविधाएं नहीं होंगी, तब सरकारी निर्देश भी इस दिशा में निष्प्रभावी रहेंगे। सबसे महत्वपूर्ण इस दिशा में लोगों का विश्वास अर्जित करना है। उन्हें बताना होगा कि मृत देह का यदि किसी को जीवन देने के रूप में उपयोग हो पाए तो वह ऋषिकर्म जैसा होगा। फिर खो चुके परिजन के अंग को भी वे इस कार्य से किसी अन्य शरीर में जीवंत रूप में देख सकेंगे। निस्संदेह, यह एक पुण्य का कार्य है जो मृतक परिजन की आत्मा को भी शांति देगा। विडंबना यह है कि भारत में आज भी अंगदान के विचार के साथ कई तरह के मिथक, भय और गलत जानकारियां जुड़ी हैं, जिसके चलते मृत व्यक्ति के परिजन अंगदान की पहल से गुरेज़ करते हैं। हमें इस दिशा में प्रगतिशील सोच के साथ जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। हमें सतही अनुष्ठानों से आगे बढ़कर मानव कल्याण के लिये आगे आना चाहिए। इस अभियान को हमें एक सहानुभूतिपूर्ण प्रचार-प्रसार के ज़रिए आगे बढ़ाना होगा। लोगों को बताना होगा कि यह सिर्फ़ दान ही नहीं, मानवता के प्रति करुणा का भाव जगाना भी है। निस्संदेह, सरकार की पहल और निर्देश एक अच्छी शुरुआत है, लेकिन इसे एक समन्वित राष्ट्रीय प्रयास के रूप में विकसित करना ज़रूरी होगा—एक ऐसा प्रयास जो इस नीति को सहानुभूति व अंगदान को मानवता के कार्य से जोड़ सके। निस्संदेह, ऐसे प्रयासों से ही मृत्यु के बाद किसी को जीवन देने हेतु अंगदान का संकल्प एक सरकारी निर्देश के बजाय एक वास्तविक हकीकत बन पाएगा।

## रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि शिवजी के धनुष को कठोर जानकर वे विसूरती ( मन में विलाप करती ) हुई हृदय में श्री रामजी की साँवली मूर्ति को रखकर चलीं। ( शिवजी के धनुष की कठोरता का स्मरण आने से उन्हें चिंता होती थी कि ये सुकुमार रघुनाथजी उसे कैसे तोड़ेंगे, पिता के प्रण की स्मृति से उनके हृदय में क्षोभ था ही, इसलिए मन में विलाप करने लगीं। प्रेमवश ऐश्वर्य की विस्मृति हो जाने से ही ऐसा हुआ, फिर भगवान के बल का स्मरण आते ही वे हर्षित हो गईं और साँवली छबि को हृदय में धारण करके चलीं। ) प्रभु श्री रामजी ने जब सुख, स्नेह, शोभा और गुणों की खान श्री जानकीजी को जाती हुई जाना, ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**परम प्रेममय मृदु मसि कीन्ही। चारु चित्त भीतीं लिखि लीन्ही॥**
**गई भवानी भवन बहोरी। बंदि चरन बोली कर जोरी॥**

तब परमप्रेम की कोमल स्याही बनाकर उनके स्वरूप को अपने सुंदर चित्त रूपी भित्ति पर चित्रित कर लिया। सीताजी पुन: भवानीजी के मंदिर में गईं और उनके चरणों की वंदना करके हाथ जोड़कर बोलीं॥

**जय जय गिरिबरराज किसोरी। जय महेस मुख चंद चकोरी॥**
**जय गजबदन षडानन माता। जगत जननि दामिनि दुति गाता॥**

हे श्रेष्ठ पर्वतों के राजा हिमाचल की पुत्री पार्वती! आपकी जय हो, जय हो, हे महादेवजी के मुख रूपी चन्द्रमा की (ओर टकटकी लगाकर देखने वाली) चकोरी! आपकी जय हो, हे हाथी के मुख वाले गणेशजी और छह मुख वाले स्वामिकार्तिकजी की माता! हे जगज्जननी! हे बिजली की सी कान्तियुक्त शरीर वाली! आपकी जय हो! ॥

**नहिं तव आदि मध्य अवसाना। अमित प्रभाउ बेदु नहिं जाना॥**
**भव भव बिभव पराभव कारिनि। बिस्व बिमोहनि स्वबस बिहारिनि॥**

आपका न आदि है, न मध्य है और न अंत है। आपके असीम प्रभाव को वेद भी नहीं जानते। आप संसार को उत्पन्न, पालन और नाश करने वाली हैं। विश्व को मोहित करने वाली और स्वतंत्र रूप से विहार करने वाली हैं॥

( क्रमश:.. )

# अमित शाह हैं संकटमोचन और संगठनशिल्पी



भारत की राजनीति में कुछ नाम ऐसे होते हैं जो केवल पदों से नहीं, अपने कर्म, दृष्टि, दृढ़ता, संकल्प और राष्ट्रभावना से पहचान पाते हैं। अमित अनिलचंद्र शाह ऐसा ही एक नाम है-संघर्षों में तपे, संगठन के शिल्पी और राष्ट्र की सुरक्षा एवं एकता के प्रहरी। एक प्रभावशाली और कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में, अमित शाह का भारतीय राजनीति में एक प्रमुख स्थान है। गृह एवं सहकारिता मंत्री के रूप में उन्होंने भारत की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक एकता और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में जो क्रांतिकारी एवं युगांतकारी कार्य किए हैं, वे उन्हें हमारे समय का 'लौहपुरुष' सिद्ध करते हैं-सरदार वल्लभभाई पटेल की परंपरा के सच्चे उत्तराधिकारी। निश्चित ही शाह एक युगांतरकारी एवं युग-निर्माता लोकनायक हैं। उन्हें अक्सर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करीबी सहयोगी, कुशल शासक और पार्टी के लिए एक प्रमुख चुनावी रणनीतिकार माना जाता है। एक किशोर के रूप में, वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो गए। यहीं से उनके राजनीतिक सफर की शुरुआत हुई। 1987 में वह भाजपा के युवा मोर्चा के सदस्य बने। गुजरात में नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान, अमित शाह एक शक्तिशाली नेता के रूप में उभरे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण मंत्रालय संभाले, जिनमें गृह, कानून और न्याय और परिवहन शामिल थे।

अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय को मात्र एक विभाग नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के पुनर्जागरण का आंदोलन बना दिया। उनकी दृष्टि में सहकारिता केवल आर्थिक संरचना नहीं, बल्कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का व्यवहारिक दर्शन है। उन्होंने शक्कर कारखानों से लेकर डेयरी, कृषि-उद्योग, बीज उत्पादन और विपणन तक सहकारिता को एक नई गति दी। देश के पहले राष्ट्रीय सहकारिता नीति मसौदे की तैयारी, पीएसी के डिजिटलीकरण और 200,000 प्राथमिक कृषि साख समितियों को मल्टी-डायमेंशनल मॉडल में बदलने की दिशा में उनका काम ऐतिहासिक है। उनके नेतृत्व में सहकारिता अब आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बन चुकी है, जहाँ किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि साझेदार हैं। अमित शाह ने सहकारिता को नई भाषा दी-सहकार से समृद्धि।

भारत के भीतरी हिस्सों में दशकों से नक्सलवाद ने भय, असुरक्षा और विकासहीनता का माहौल बनाया था। अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 'समग्र रणनीति' के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निर्णायक कार्रवाई की। कानून-व्यवस्था, खुफिया सूचना और स्थानीय विकास के त्रिस्तरीय ढांचे पर आधारित इस नीति ने नक्सलवाद को जड़ों से हिला दिया। आज भारत के 90 प्रतिशत से अधिक नक्सल क्षेत्र शांति के मार्ग पर लौट रहे हैं, निकट भविष्य में भारत नक्सल मुक्त राष्ट्र बन जायेगा, यह अमित शाह की सूझबूझ, संकल्प और दृढ़ता का परिणाम है। उनका विश्वास रहा-गोलियों से नहीं, विकास और संवाद से आतंक मिटाया जा सकता है। उनकी अलग कार्यशैली की झलक अध्यक्ष बनने के बाद से ही पार्टी को दिखने लगी थी। अमित शाह का नाम जम्मू-कश्मीर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उनकी रणनीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 का हटाया जाना केवल एक संवैधानिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्र की अखंडता का संकल्प था। यह उस विभाजनकारी मानसिकता पर अंतिम प्रहार था जिसने वर्षों तक कश्मीर को अलगाव की आग में झोंक रखा था। आज घाटी में तिरंगा गर्व से लहराता है, पर्यटन और निवेश के नए द्वार खुल रहे हैं, और युवाओं में आत्मविश्वास लौट रहा है-यह अमित शाह की निर्भीक राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है। उन्होंने संसद में कहा था-कश्मीर भारत का मुकुट है, और जब तक इसकी हर घाटी में शांति और विकास नहीं आता, तब तक हमारा प्रयास अधूरा रहेगा। शाह की कार्यशैली में सबसे अहम है कि किसी चीज को पहले से भांपने की। कश्मीर से 370 हटाने का मामला हो या फिर किसी चुनावी रणनीति की तैयारी, उन्हें अंदाजा हो जाता है कि किस मोहरे को कहां बिठाना है। इसी का असर है कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अब तक कश्मीर में शांति एवं वहां शांतिपूर्ण चुनाव का होना है तो अयोध्या जैसे सदियों के विवाद का अंत शांतिपूर्ण तरीके से हो जाना है।

गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने देश की सुरक्षा व्यवस्था को नई ऊँचाई दी। आतंकी नेटवर्क के विरुद्ध कड़े कानून, एनआईए की शक्ति में वृद्धि, सीमा सुरक्षा में तकनीकी नवाचार और पुलिस सुधारों की नई पहल-इन सबने भारत की आंतरिक मजबूती को सुदृढ़ किया है। उन्होंने 'शून्य सहनशीलता नीति' को व्यवहार में उतारा। चाहे दिल्ली दंगे हों या सीमा पार आतंकवाद की चुनौती-हर परिस्थिति में उनका निर्णय तेज, संतुलित और राष्ट्रहित में रहा। उनके कार्यकाल में भारत में आंतरिक सुरक्षा का सबसे स्थिर दौर देखा जा रहा है, जहाँ आतंक, नक्सलवाद और अलगाववाद तीनों पर नियंत्रण स्थापित हुआ है। राजनीतिक दृष्टि से अमित शाह को 'मोदी के हनुमान' कहा जाता है, क्योंकि वे न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे विश्वसनीय सहयोगी हैं, बल्कि उनकी दृष्टि को व्यवहार में उतारने वाले कर्मयोद्धा भी हैं। 2014 से 2020 तक, उन्होंने भाजपा के 10वें अध्यक्ष के रूप पार्टी को 70 से अधिक देशों के बराबर सदस्य संख्या वाला विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनाया। 2014 और 2019 के चुनावों में उनकी रणनीति, संगठन और जनसंपर्क ने भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाई। उनके रणनीतिक कौशल ने पार्टी को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। लेकिन उनकी पहचान राजनीति से परे है-वे राष्ट्रीय एकता के संरक्षक, सुरक्षा के प्रहरी और सहकारिता के संचारक हैं।

अमित शाह ने संगठन के बाद सरकार में भी अपनी कौशल क्षमता का लोहा मनवाया तो जब भी संसदीय इतिहास में भारत के मोदीमय होने की गाथा का वर्णन होगा, उसमें 'चाणक्य नीति' की तरह 'शाह नीति' का जिक्र स्वाभाविक होगा। अमित शाह की यह रणनीति पार्टी नेताओं को भी तब समझ आई जब चुनावों के आधिकारिक पोस्टरों-बैनरों पर भी शाह की तस्वीर नजर नहीं आई, दरअसल वे पूरे चुनाव को मोदीमय करने की 'शाह नीति' थी। इसलिए शाह ने एक स्पष्ट निर्णय लिया कि प्रचार सामग्रियों पर सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे। आधुनिक राजनीति का चाणक्य कहें या फिर मोदी के भरोसेमंद सारथी, इसी खास सोच की वजह से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की यह अमिट पहचान बन चुकी है।

अमित शाह को एक उत्कृष्ट संगठक और अभियान रणनीतिकार माना जाता है। उनके समर्थक उन्हें हिंदू धर्म का महान रक्षक मानते हैं, जबकि उनके आलोचक उन्हें एक ध्रुवीकरण करने वाली शख्सियत के रूप में देखते हैं। वह अपनी राजनीतिक कुशलता और जमीन से जुड़कर काम करने के लिए जाने जाते हैं। अमित शाह का राजनीतिक करियर उनके रणनीतिक कौशल, संगठन क्षमता और कठोर निर्णय लेने की प्रवृत्ति को दर्शाता है। एक छोटे कार्यकर्ता से लेकर देश के गृह मंत्री तक का उनका सफर भारतीय राजनीति में उनके मजबूत प्रभाव का प्रमाण है। वह भविष्य में भी भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बने रहने की संभावना है। अमित शाह का व्यक्तित्व सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति को सजीव करता है। जहाँ पटेल ने रियासतों का विलय किया, वहाँ शाह ने विचारों का एकीकरण किया। जहाँ पटेल ने लौह इच्छाशक्ति से भारत का नक्शा जोड़ा, वहाँ शाह ने अखंड भारत की भावना को राजनीतिक और सामाजिक धरातल पर साकार किया। उनके जीवन का सूत्रवाक्य रहा है-व्यक्ति नहीं, राष्ट्र सर्वोपरि। शाह ने राष्ट्रवाद को सर्वोपरि रखा तो 'काम रुके ना, देश झुके ना' के नारे के साथ विकास को भी उसमें जोड़ा। चुनौतियों से जूझने की उनकी छवि ही उन्हें जुझारू और लक्ष्य के प्रति जुनूनी बनाती रही है।

अमित शाह की कार्यशैली अनूठी एवं विलक्षण है, वे जब कोई काम हाथ में लेते हैं तो स्पष्ट लक्ष्य सामने होता है और उसके हिसाब से रणनीति पर काम करते हैं। भले नतीजे पक्ष में आए या खिलाफ, इसकी परवाह नहीं करते। उनका विजन स्पष्ट रहता है और नतीजों के बजाए काम करने पर फोकस रहता है। इसलिए मोदी-शाह की जोड़ी हर चुनाव को युद्ध के रुप में लड़ने के लिए जानी जाती है। शाह का मानना है कि संगठन को हमेशा 24 घंटे 365 दिन गतिशील रखना चाहिए। यह काम वे अपने पांच दशक के राजनीतिक सफर में, वार्ड के बूथ प्रभारी के तौर से करते रहे हैं। गीत-संगीत के शौकीन शाह निदा फाजली के प्रशंसकों में से हैं। खाने-पीने के शौकीन जरुर हैं, लेकिन संयमित और अनुशासित भोजन ही लेते हैं। अमित शाह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक युग का नेतृत्व करने वाले कर्मयोगी हैं। उनकी राजनीति में चातुर्य नहीं, दृष्टि है; उनके निर्णयों में कठोरता नहीं, राष्ट्रभक्ति की गहराई है। चाहे सहकारिता का नवजागरण हो, सुरक्षा का सुदृढ़ीकरण या कश्मीर का एकीकरण-हर क्षेत्र में उन्होंने यह सिद्ध किया है कि यदि नीयत सच्ची हो और दृष्टि व्यापक तो कोई भी परिवर्तन असंभव नहीं। भारत के इतिहास में अमित शाह उस विरल श्रेणी के नेता हैं जिनके कार्यों ने राष्ट्र की दिशा बदली है-वास्तव में वे आज के संकटमोचन, संगठनशिल्पी और लौहपुरुष हैं।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## फैशनी रिश्ते (व्यंग्य)

घर के पुराने आँगन में, जहाँ चौके की तवे पर रोटियाँ केवल घी-संस्कार से फूला करती थीं, आजकल वहाँ गैजेटों की खटरङ्कपटर सुनाई देती है, जैसे रिश्ते अब मोबाइल के नोटिफिकेशन की तरह वक़्तङ्कवक़्त पर केवल बजते हैं और फिर चुप्पी साध लेते हैं। बेटे और बहू की दुनिया ही कुछ ऐसी है कि लगता है, वो दोनों किसी अदृश्य एप्लिकेशन में लॉगिन हो गए हैं और घर का वाई-फ़ाई उनका निजी रोमांस बनाए रखने के लिए ही चल रहा है।

बहू बेटे से सटी रहती है जैसे पुराने ज़माने का बंधन नहीं, बल्कि आज का कॉम्पैक्ट चार्जिंग वायर, जो हमेशा सॉकेट से जुड़ा रहे तो ही काम करता है। भोजन अब थाली में नहीं, बल्कि कैमरे पर सर्व होता है—पहले फोटो, फिर बाइट, और फिर थोड़ीङ्कसी मुस्कान—बाकी पेट भरे या न भरे, भगवान जाने! माँ जब पूछती है कि कुछ चाहिए? तो जवाब आता है, मम्मी, हमने स्विगी कर दिया! जैसे अब माँ अर्ज़ी लेने वाली कोई पुरानी चौकीदार हो और बेटे-बहू की इच्छाएँ ऑनलाइन शॉपिंग कार्ट में बंद हों। सास को याद आता है कि जब उसके ज़माने में पति तम्बाकू पीते थे तो वह बिना कहे पानी का गिलास रख देती थी, और सच पूछो तो वही सेवा कहलाती थी, मगर आजकल तो सेवा केवल नेटवर्क कवरेज है—जहाँ दिल मिलते हों, वहीं से कॉल क्लियर हो जाते हैं। माँ सोचती है कि क्या वक़्त भी एक ऐप है, जिसे बच्चे अपडेट कर चुके हैं और वह अभी भी उसके पुराने वर्ज़न पर फँसी हुई है, जहाँ सासङ्कबहू की रसोई की परिभाषा आलू-भरता और खिचड़ी से लिखी जाती थी, न कि पिज़्ज़ा और पास्ता से।

रिश्तों पर भी सेल लग चुकी है—एक के साथ, एक फ्री—लव के साथ फ्री कैजुअलनेस, और मर्यादा की बोलियों को जैसे नीलाम कर दिया गया हो किसी मॉल की उद्घोषणा में। उसकी आँखों में जलन नहीं, धुंध है—वह धुंध जो तब बनती है जब चूल्हे के धुएँ को कोई चिमनी चूस ले, पर देह की गंध और आत्मा की पीड़ा वहीं पड़ी रह जाए। घर अब घर नहीं, किसी शो-रूम की तरह हो गया है जहाँ लिविंग रिलेशन नाम की कुर्सी रखी हुई है, जिस पर उसका बेटा और बहू हाथों संभालकर बैठे रहते हैं, और वह खुद... खुद तो बस कोने में वही पुरानी झूला-कुर्सी लिये एक सजीव मूर्ति बन चुकी है। उसे लगता है, वह अब चाह कर भी अपने ही घर की मेहमान रह गई है—जैसे विरासत कोई टूटा हुआ संदूक है, जिसे बच्चे अपने नए फ्लैट में रखने की जगह भी नहीं बनाना चाहते। उसके कानों में बेबीज जानज स्वीटज हनीज बारङ्कबार गूँजता है और उसके होंठों पर फिसलता है वही भूला-बिसरा प्रश्न—मुझे क्या कहोगे? लेकिन जवाब कहीं आता नहीं। वक़्त ने उसकी भाषा ही डिलीट कर दी है। वही भाषा, जिसमें रिश्ते गंभीरता से बोलते थे और हँसी में भी आँसू छिपे रहते थे।

अब सिर्फ खनक है—मोबाइल की टोन, हँसी का ट्रेलर, और बेपरवाह आलिंगन की पब्लिक स्क्रीनिंग। माँ सोचना चाहती है कि यह सब जीवन का नया संस्करण है, जिसे उसे स्वीकार कर लेना चाहिए, मगर हर स्वीकृति के साथ उसके भीतर का कोना ऐसा टूटता है जैसे कोई मंदिर का घंटा केवल शो-पीस बनकर दूकान की खिड़की में टाँग दिया गया हो। झूला-कुर्सी पर सिर टिकाए वह सोचती है कि कौन-सा दिन होगा जब उसकी भी ज़रूरत पड़ेगी, शायद तब जब माँ को पासवर्ड के रूप में डालना होगा—किसी एटीएम कार्ड या किसी वसीयतनामे में। उसकी आँखें झुकती जाती हैं, साँसें लंबी होती जाती हैं, और झूला शांति से डोलता रहता है। आह! रिश्तों का यह नया फैशन कितना चमकदार है, मगर इस फैशन की रैंप-वॉक पर सबसे पीछे वही खड़ी है—बिना मेकअप, बिना दर्शक, तन्हा, जैसे किसी पुराने फोटो-फ्रेम की धूल भरी तस्वीर—जिसे कोई उतार ले तो दीवार और भी मॉडर्न दिखेगी।

**- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',**

## राशिफल

**कार्तिक माह, शुक्ल पक्ष, तृतीया**

**(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
घबराहट, बेचैनी, मानसिक परेशानी व शारीरिक परेशानी बनी रहेगी। हालांकि कोई बड़ी परेशानी नहीं है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
नेत्र पीड़ा, सिर दर्द, अज्ञात भय बना रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
पराक्रम रंग लाएगा। लेकिन अति उत्साही होकर किसी काम की शुरुआत अभी न करें। प्रेम, संतान ठीक है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। भ्रामक समाचार की प्राप्ति संभव है। यात्रा कष्टप्रद होगा, लेकिन लाभकारी होगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
मानसिक तौर पर उहापोह से गुजरेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक दीजिए। विद्यार्थी लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन हानि के संकेत हैं। इसलिए निवेश अभी वर्जित रहेगा। जुआ, सट्टा व लॉटरी में पैसे न लगाएं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
स्वयं के स्वास्थ्य और जीवनसाथी स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी चाकरी की स्थिति थोड़ी मध्यम है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
परेशानी भरा दिन रहेगा हर मामले में। जीत आपकी होगी। शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
घरेलू सुख बाधित होगा। गृहकलह के बड़े संकेत हैं। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी में परेशानी होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा लेकिन नुकसान नहीं होगा। प्रेम, संतान अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
यात्रा परेशान करने वाली होगी। धर्म-कर्म में अतिवादी न बनें। भाग्य पर भरोसा करके कोई काम न करें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। वाहन धीरे चलाएं।

# जिला कारागार में मनाया भाई दूज का पर्व



**नोएडा ( चेतना मंच )।** मुख्यमंत्री एवं कारागार मंत्री के निर्देश तथा पुलिस महानिदेशक / महानिरीक्षक कारागार उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार, जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में कल भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर कारागार में निरूद्ध बंदियों और उनकी बहनों की मुलाकात, टीका एवं पूजन की विशेष व्यवस्था की गई। महिला मुलाकाती बहनों ने अपने भाइयों के दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए टीका एवं पूजन किया।

कारागार प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था, सतत निगरानी और मुलाकातियों की सुविधा हेतु पुलाव, चाय, बिस्कुट, फल, शीतल जल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की। इसके अतिरिक्त, कारागार परिसर में टेंट, कुर्सी, दरी और साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था कराई गई। पुलिस आयुक्त महोदया के मार्गदर्शन में लगभग 55 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

भाई दूज के अवसर पर कुल 3074 महिला मुलाकाती महिलाओं और बच्चों ने अपने भाईयों को टीका लगाया और त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

इस आयोजन में अधीक्षक बृजेश कुमार, कारापाल संजय कुमार शाही, राजेश कुमार मौर्य, उपकारापाल सुरजीत सिंह, शिशिरकांत, अनूप कुमार, अनुज कुमार, कमल चन्द, मनोज कुमार सिंह एवं श्रीमती ज्ञान लता पाल सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कुलेसरा में होगा ऐतिहासिक छठ पूजा, तैयारी पूरी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पूर्वांचल छठ पूजा समिति कुलेसरा द्वारा छठ पर्व की तैयारी जोरों पर की जा रही है। छठ पर्व कुलेसरा के हिंडन घाट पर धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी पूर्वांचल छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्रीमती सुधा झा एवं हरेंद्र सिंह ने एक संयुक्त बातचीत के दौरान दी।

उक्त दोनों लोगों ने बताया कि छठ पूजा में रंगारंग कार्यक्रम के साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि घाटों की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था के उचित



इंतजाम किए जाएंगे। इस बार छठ पूजा ऐतिहासिक होगी।

उन्होंने यह भी बताया कि छठ पूजा संपन्न कराने को लेकर उपाध्यक्ष भाग्य नारायण सिंह, संगठन मंत्री अनूप कुमार अम्बष्ट एवं उपकोषाध्यक्ष राजू सहित सभी पूर्वांचल एवं बिहार तथा स्थानीय लोगों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# भैया दूज पर गंगेश्वर दत्त ने दी बधाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सीटू के जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा ने भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह के प्रतीक पर्व भैया दूज के अवसर पर सभी देशवासियों, प्रदेशवासियों और गौतमबुद्धनगर के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जिला सचिव शर्मा ने कहा कि दीपावली के बाद मनाया जाने वाला भैया दूज भाई-बहन के रिश्तों की गहराई और प्रेम को दर्शाने वाला महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन बहनें भाइयों को टीका और उपहार देकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं।








# बिहार में फिर बजेगा एनडीए का डंका : रवि

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

भारतीय जनता पार्टी के नेता रवि पंडित ने दावा किया है कि बिहार में हो रहे विधानसभा के चुनाव में इस बार भी एनडीए की सरकार बनने जा रही है।



उन्होंने कहा कि बिहार में विकास के नाम पर एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से विकास एवं शिक्षा पर जोर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है।


## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0.: 2025-अक्टूबर-03 — दिनांकः 22.10.2025

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.:** 2025-अक्टूबर-03-01 | **अनुमानित लागत रु.:** 6824003.37 |

**कार्य का विवरणः** आगरा कैंट स्टेशन पर नॉर्थ एवं साउथ कॉलौनी में इंजीनियर इंचार्ज के निर्देशानुसार परित्यक्त क्वार्टरों एवं सेवा भवनों की लकड़ी, लोहा और लौह सामग्री और अन्य उपयोगी सामग्रियों की जहां है वहां के आधार पर बिक्री एवं अनुपयोगी सामग्रियों के निपटान सहित।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल वेबपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 14.11.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 1966/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# 4 दिवसीय छठ पूजा की शुरुआत कल से





छठ महापर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल में मनाया जाता है। इन राज्यों के अलावा दिल्ली और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी छठ महापर्व की रौनक देखने को मिलती है। छठ पर्व की शुरुआत नहाय-खाय के साथ होती है और उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस पर्व का समापन किया जाता है। ऐसे में आज हम आपको बताने वाले हैं कि 4 दिवसीय छठ महापर्व कब से शुरू होगा और नहाय-खाय से लेकर सूर्य अर्घ्य की सही तिथियां क्या हैं।

**छठ पर्व 2025 की तिथियां**

**नहाय-खाय - शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 (कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि)**

**खरना- रविवार, 26 अक्टूबर 2025 (कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि)**

**अस्तचलगामी सूर्य को शाम को अर्घ्य- सोमवार (कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि)**

**उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य- मंगलवार (कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि)**

### नहाय-खाय

छठ महापर्व की शुरुआत चतुर्थी तिथि के दिन नहाय-खाय के साथ की जाती है। इस दिन व्रती सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। ज्यादातर इस दिन लौकी, चावल या दाल का सेवन किया जाता है।

### खरना

पंचमी तिथि के दिन खरना होता है। इस दिन व्रती पूरे दिन भर उपवास रखकर शाम के वक्त गुड़ की खीर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं और फिर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है।

### अस्तचलगामी सूर्य को शाम को अर्घ्य (छठ)

षष्ठी तिथि के दिन सूर्यास्त के समय डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। कार्तिक शुक्ल षष्ठी के दिन को ही मुख्य रूप से छठ के रूप में जाना जाता है।

### उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य

सप्तमी तिथि के दिन उगते सूर्य को व्रती अर्घ्य देते हैं और व्रत का पारण करते हैं। इसके साथ ही छठ महापर्व का समापन हो जाता है।

### छठ पूजा का महत्व

छठ पूजा का सबसे बड़ा संदेश है प्रकृति और मानव का संतुलन। इस पर्व में सूर्य देव की पूजा की जाती है, क्योंकि सूर्य को जीवनदायी शक्ति, स्वास्थ्य और ऊर्जा का स्रोत माना जाता है। वहीं, छठी मैया की आराधना संतान की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए की जाती है।

इस पर्व की विशेषता यह है कि इसमें कोई पुरोहित नहीं होता। परिवार की महिलाएँ या पुरुष स्वयं ही पूजा करते हैं। इस पूजा में स्वच्छता, पवित्रता और तपस्या का पालन करना अनिवार्य होता है। व्रती 36 घंटे तक निर्जल और निराहार रहकर उपवास करते हैं और अंत में सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं।

### बिहार से जुड़ाव

छठ पूजा का उद्गम बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की गंगा घाटी से माना जाता है। बिहार की मिट्टी, यहाँ की नदियाँ और यहाँ की कृषि संस्कृति इस पर्व से गहराई से जुड़ी हुई है।

यहाँ के गाँवों और शहरों में हर साल छठ पर तालाबों, नदियों और पोखरों की सफाई की जाती है।

लोकगीतों की परंपरा, खासकर महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले "छठ गीत", इसे और खास बना देते हैं।

यहाँ का सामाजिक ढांचा भी छठ के समय बदल जाता है— गाँव के हर व्यक्ति, चाहे अमीर हो या गरीब, जाति या धर्म कोई भी हो, सभी एक साथ घाट पर उपस्थित होते हैं।

### ऐतिहासिक मान्यता

पौराणिक कथाओं के अनुसार, छठ पूजा की शुरुआत महाभारत काल में हुई थी। कहा जाता है कि जब पांडव अपना राज्य खो चुके थे, तब द्रौपदी ने छठी मैया की पूजा की और उसके बाद उनका संकट टल गया। वहीं, एक मान्यता यह भी है कि सूर्य पुत्र कर्ण छठ पूजा के प्रथम उपासक थे।

# तुलसी के ये आसान उपाय दिलाएंगे मां लक्ष्मी का आशीर्वाद



हमारे घरों में तुलसी का पौधा सिर्फ एक पौधा नहीं, बल्कि आस्था और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। हिंदू धर्म में तुलसी माता को बेहद पवित्र और शक्तिशाली माना गया है। कहा जाता है कि जहां तुलसी का पौधा होता है, वहां नकारात्मक ऊर्जा नहीं टिकती और घर में सुख-शांति बनी रहती है। शास्त्रों में बताया गया है कि तुलसी मां की पूजा करने से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी दोनों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। खास बात यह है कि तुलसी के कुछ छोटे-छोटे उपाय आपकी किस्मत का रुख बदल सकते हैं। अगर आप आर्थिक परेशानी, करियर की रुकावट या मानसिक तनाव जैसी समस्याओं से गुजर रहे हैं, तो तुलसी के ये आसान उपाय आपको राहत दे सकते हैं।

### लाल कपड़े में रखें तुलसी

अगर लंबे समय से धन की तंगी बनी हुई है या आपकी सेविंग्स टिक नहीं रही हैं, तो तुलसी के इस उपाय को जरूर अपनाएं। इसके लिए तुलसी की कुछ सूखी पत्तियां लेकर उन्हें लाल कपड़े में बांधें और अपनी तिजोरी या जहां आप पैसे रखते हैं वहां रख दें। यह उपाय धन की देवी मां लक्ष्मी को प्रसन्न करता है और घर में धन का प्रवाह बढ़ाता है। मान्यता है कि इस उपाय को करने से आर्थिक समस्याएं धीरे-धीरे खत्म होने लगती हैं और घर में समृद्धि का वास होता है।

### तुलसी को चढ़ाएं जल और हल्दी

सुबह-सुबह तुलसी के पौधे को जल चढ़ाना बेहद शुभ माना जाता है, लेकिन अगर आप इसमें हल्दी मिला दें तो इसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। शास्त्रों के अनुसार, हल्दी और जल मिलाकर तुलसी माता को अर्पित करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दौरान तुलसी माता के सामने अपनी इच्छाओं को सच्चे मन से बोलें। माना जाता है कि यह उपाय जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है और हर रुका हुआ काम धीरे-धीरे पूरा होने लगता है।

### तुलसी के पास रोज जलाएं दीपक

हर शाम तुलसी के पौधे के पास घी या तेल का दीपक जलाना अत्यंत शुभ माना गया है। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और बुरी नजर से रक्षा होती है। अगर आप नौकरी या बिजनेस में सफलता चाहते हैं, तो तुलसी के पास दीपक जलाकर भगवान विष्णु का नाम लेना बहुत प्रभावी उपाय है। यह उपाय न सिर्फ आर्थिक रूप से मजबूती देता है बल्कि घर के माहौल को भी शांत और सुखद बनाता है।

### भगवान विष्णु को चंदन का तिलक और मां लक्ष्मी को लाल चुनरी

शास्त्रों के अनुसार, तुलसी पूजा के दौरान भगवान विष्णु को चंदन का तिलक और मां लक्ष्मी को लाल चुनरी अर्पित करना बेहद शुभ माना जाता है। इसके साथ ही भोग में तुलसी की पत्तियां शामिल करें। यह उपाय पति-पत्नी के बीच प्रेम बढ़ाने, वैवाहिक जीवन में समझदारी और सौहार्द लाने में मदद करता है। इसे करने से रिश्तों में मिठास आती है और जीवन में शांति बनी रहती है।

### तुलसी के पौधे के नीचे रखा सिक्का

अगर आपके घर में लगातार पैसों की दिक्कत बनी रहती है, तो तुलसी के पौधे के नीचे एक चांदी या तांबे का सिक्का रखें। ध्यान रहे कि यह सिक्का साफ और पवित्र होना चाहिए। इस उपाय से धन की रुकावटें दूर होती हैं और घर में आर्थिक स्थिरता आती है।

# समुद्र से निकले 14 रत्न में से एक पारिजात वृक्ष

पारिजात वृक्ष, जिसे हरसिंगार या नाइट जैस्मिन भी कहा जाता है, सच में एक अलौकिक और दिव्य वृक्ष है। इसका नाम सुनते ही एक सुंदर, सुगंधित और रहस्यमय पेड़ की छवि मन में उभर आती है। इसका आयुर्वेद और पुराणों में खास महत्व बताया गया है। समुद्र मंथन के समय जो चौदह रत्न निकले थे, उनमें से एक पारिजात भी था। कहते हैं कि इसे स्वर्ग में इंद्र के बगीचे में लगाया गया था और इसे छूने का अधिकार केवल अप्सरा उर्वशी को था।



### इसलिए कहा जाता है कल्पवृक्ष

पारिजात रात के समय खिलता है और सुबह होते ही अपने फूल जमीन पर बिखेर देता है। इसकी खुशबू इतनी मनमोहक होती है कि वातावरण पूरी तरह सुगंधित हो जाता है। इसकी सबसे बड़ी पहचान है सफेद फूल और केसरिया डंठल। यही वजह है कि इस वृक्ष को कल्पवृक्ष भी कहा जाता है, जो मन की इच्छाएं पूरी करने वाला माना जाता है।

### सत्यभामा की वाटिका में लगा दिया

कहते हैं कि जब देवर्षि नारद ने पारिजात के फूल भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी सत्यभामा को भेंट किए, तो वे इतनी प्रसन्न हुईं कि उन्होंने श्रीकृष्ण से यह वृक्ष अपनी वाटिका में लाने की जिद कर दी। इंद्र ने यह मांग ठुकरा दी, लेकिन श्रीकृष्ण ने गरुड़ पर सवार होकर स्वर्ग से यह वृक्ष लाकर सत्यभामा की वाटिका में लगा दिया। दिलचस्प बात यह है कि इसके फूल रुक्मिणी की वाटिका में गिरते थे। यही वजह है कि इस वृक्ष से जुड़ी कई रोचक कथाएं प्रचलित हैं।


### फूल तोड़ने की मनाही

पारिजात वृक्ष दिखने में 10 से 15 फीट ऊंचा होता है और यह हजारों साल तक जीवित रह सकता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके फूल तोड़ने की मनाही है सिर्फ वही फूल उपयोग में लाए जाते हैं जो अपने आप गिर जाते हैं। यह वृक्ष ना केवल वातावरण को महकाता है बल्कि नकारात्मक ऊर्जा को भी दूर करता है।

### औषधीय वृक्ष है पारिजात

आयुर्वेद में पारिजात को औषधीय वृक्ष माना गया है। खासकर साइटिका यानी कमर से पैर तक के दर्द में यह बहुत कारगर है। इसके 10-15 ताजे पत्तों को पानी में उबालकर बना काढ़ा सुबह-शाम पीने से दर्द में तुरंत राहत मिलती है। साथ ही यह जोड़ों के दर्द, बुखार और शरीर की थकान को भी मिटाता है।

# किसने लगाया था सबसे पहले सिंदूर, कैसे शुरू हुई परंपरा?



हिंदू धर्म में सुहागन महिलाएं अपनी मांग में सिंदूर भरती हैं, लेकिन सिंदूर भरने की परंपरा कब से शुरू हुई और सबसे पहले सिंदूर किसने लगाया था क्या आपको पता है अगर नहीं तो चलिए आज हम आपको बताने जा रहे हैं। दरअसल, सिंदूर हर हिंदू विवाहित महिला की पहचान है। सिंदूर को अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है और ये विवाहित महिला की शक्ति और समर्पण का भी प्रतीक है। यही वजह है कि हर हिंदू महिला विवाह के बाद मांग में सिंदूर भरती है।

### क्या है पौराणिक कहानी

कई हिंदू धर्म शास्त्रों में सिंदूर लगाने के महत्व के बारे में बताया भी गया है। शिव पुराण में वर्णन मिलता है कि माता पार्वती ने वर्षों तक भगवान शिव को वर के रूप में प्राप्त करने के लिए तपस्या की थी। जब भगवान शिव ने मां पार्वती को अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार कर लिया, तो मां पार्वती ने सुहाग के प्रतीक के रूप में सिंदूर मांग में लगाया था। साथ ही उन्होंने कहा था कि जो स्त्री सिंदूर लगाएगी उसकी पति को सौभाग्य और लंबी आयु की प्राप्ति होगी। धार्मिक मतों के अनुसार सबसे पहले माता पार्वती ने ही सिंदूर लगाया था और तभी से ये परंपरा चल पड़ी।

### माता पार्वती से शुरू हुई थी मांग में सिंदूर भरने की प्रथा

सबसे पहले जो प्रथा शुरू हुई है वो आदिकाल से शुरू हुई है और इस प्रथा के अंतर्गत जो हमारे देवी देवता हैं उनमें ब्रह्मा, विष्णु, महेश जी आते हैं। लक्ष्मी जी और पार्वती जी अखंड सौभाग्य धारणी हैं इनका सौभाग्य अटल है।

### होती है जल्दी शादी

वैसे मस्तक पर सिंदूर लगाने से विभिन्न प्रकार के दोष दूर होते हैं और जिस स्त्री कन्या का विवाह ना हो रहा हो वह अगर पार्वती मैया का गढ़ जोड़ा शिव परिवार के साथ करे तो विवाह जल्दी होता है।

### माता पार्वती ने किया था घोर तपस्या

मां पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए कल्पों तक तपस्या की थी। भगवान की शिव के गले में जितने नरमुंडों की माला है उतने जन्मों तक पार्वती माँ ने तपस्या करी है। भगवान शिव के गले में 108 नरमुंडों की माला है मां पार्वती ने 7 जन्मों तक तपस्या करी तब जाकर के राजा हिमालय के यहां पर यह उत्पन्न हुई। दक्ष के यहां पर उसके पाश्चात्य पुत्री रूप में आई और भगवान शिव ने इनको ग्रहण किया पाणिग्रहण संस्कार किया।

## सकारात्मक सीख

जीवन में असफलता आना स्वाभाविक है, किंतु पुनः प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होती है। पुनः प्रयास वह शक्ति है जो व्यक्ति को हार मानने न दे। यह न केवल आत्मविश्वास बढ़ाता है, अपितु नई ऊँचाइयों तक पहुँचाता है। उदाहरणस्वरूप, थॉमस एडिसन ने बल्ब का आविष्कार करने के लिए दस हजार से अधिक असफलताओं का सामना किया। उन्होंने कहा, ₹मैं असफल नहीं हुआ, मैंने केवल दस हजार वे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।₹ उनका पुनः प्रयास आज दुनिया को प्रकाश प्रदान कर रहा है।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी ने अनेक असफलताओं के बावजूद पुनः प्रयास किया। नमक सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन आदि में हार मिली, किंतु उन्होंने हार न मानी। परिणामस्वरूप भारत को स्वतंत्रता मिली। इसी प्रकार, अब्दुल कलाम ने प्रारंभिक असफलताओं के बाद पुनः प्रयास कर मिसाइल मैन बने। पुनः प्रयास के लाभ अनेक हैं। यह धैर्य सिखाता है, अनुभव प्रदान करता है तथा लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होता है। विद्यार्थी परीक्षा में असफल हो तो पुनः प्रयास से सफल होता है। खिलाड़ी हारने पर अभ्यास कर विजयी बनता है। व्यवसाय में हानि हो तो नई रणनीति से लाभ कमाया जाता है।

हालाँकि, पुनः प्रयास में सावधानी बरतनी चाहिए। गलतियों से सीखना आवश्यक है। अंधे प्रयास व्यर्थ होते हैं। योजना बनाकर प्रयास करें।निष्कर्षतः, पुनः प्रयास जीवन का मूलमंत्र है। ₹हार मत मानो, पुनः प्रयास करो₹ – यह वाक्य जीवन बदल देता है। सफल व्यक्ति वे हैं जो असफलताओं से घबराते नहीं। पुनः प्रयास से ही जीवन सार्थक होता है।

# भैया दूज पर केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

श्री केदारनाथ धाम के कपाट गुरुवार सुबह बंद कर दिए गए। इसके साथ ही बाबा केदार की डोली (पालकी) भक्तिमय मंत्रोच्चार और गढ़वाल राइफल्स बैंड की मधुर धुनों के बीच उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर स्थित अपने शीतकालीन गद्दीस्थल के लिए रवाना हो गई। इसके साथ ही चार धामों में से तीन के कपाट आधिकारिक तौर पर शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। गंगोत्री धाम बुधवार को बंद हो गया था, जबकि केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट गुरुवार को बंद हो गए हैं।

### 25 नवंबर को बंद होंगे बद्रीनाथ धाम के कपाट

बद्रीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर को बंद होंगे, जिसके साथ ही चार धाम यात्रा 2025 का औपचारिक समापन होगा। बद्री-केदार मंदिर समिति के अनुसार भक्तों के लिए रातभर बाबा केदार के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। भक्तों को मध्यरात्रि से सुबह 4 बजे तक प्रवेश की अनुमति दी गई थी, जिसके बाद सुबह 5 बजे से 6 बजे तक बाबा केदार की समाधि पूजा की गई। इस अनुष्ठान के दौरान, भगवान के स्वयंभू शिवलिंग को परंपरा के अनुसार पवित्र भस्म, अनाज, फल, फूल, रुद्राक्ष और एक सफेद कपड़े से ढका गया। आंतरिक गर्भगृह को सुबह 6 बजे बंद कर दिया गया और मुख्य पूर्वी गेट को ठीक सुबह 8:30 बजे बंद कर दिया गया है।

### 25 अक्टूबर को ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचेगी डोली

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी समापन समारोह से पहले पवित्र तीर्थस्थल में जाकर पूजा-अर्चना की थी। कार्यक्रम के अनुसार, बाबा केदार की पंचमुखी मूर्ति को लेकर उनकी डोली 24 अक्टूबर को गुप्तकाशी पहुंचने से पहले रात्रि विश्राम के लिए रामपुर में रुकेगी। इसके बाद अगले दिन 25 अक्टूबर को डोली उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचेगी, जो भगवान का शीतकालीन गद्दी स्थल है, जहां अगले छह महीनों तक पूजा-अर्चना की जाएगी, जब तक कि अगले वर्ष कपाट फिर से नहीं खुल जाते।



### जय बाबा केदार का जयघोष

इस दौरान पूरी केदारघाटी हर हर महादेव और जय बाबा केदार के जयघोष से गूंज उठी। कपाट बंद होने के मौके पर केदारनाथ मंदिर को फूलों से सजाया गया है। बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होने तक चार धाम यात्रा बड़े उत्साह के साथ जारी है। इस वर्ष 30 अप्रैल से अब तक 45 लाख से अधिक श्रद्धालु चार धामों के दर्शन कर चुके हैं।

### 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है केदारनाथ भगवान

शास्त्रों के अनुसार, केदारनाथ भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह धाम उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में हिमालय की गोद में, मन्दाकिनी नदी के किनारे स्थित है। स्कन्द पुराण में कहा गया है कि महाभारत के युद्ध के बाद पाण्डव अपने पापों के प्रायश्चित हेतु भगवान शिव की शरण में गए थे। शिवजी उनसे मिलने से बचने के लिए केदार (हिमालय) में प्रकट हुए और वहां उन्होंने बैल (नंदी) का रूप धारण किया। पाण्डवों ने जब नंदी रूप में शिव को पहचान लिया तो शिवजी भूमिगत हो गए। उसी स्थान पर केदारनाथ ज्योतिर्लिंग प्रकट हुआ। यह स्थल मोक्षदायक क्षेत्र माना गया है। यहां दर्शन मात्र से पाप नष्ट होते हैं और मनुष्य को शिव सायुज्य की प्राप्ति होती है।



# युवा पीढ़ी को पूरे मन से अपने जुनून को फॉलो करना चाहिए

अभिनेता अजय देवगन हाल ही में बॉलीवुड के उभरते अभिनेताओं को सुझाव देते दिखे। अजय देवगन ने नए उभरते सितारों को सलाह दी है कि वे अपना पैशन फॉलो करें और खुद पर यकीन बनाए रखें। एक्टर ने कहा, वे पूरे दिल से अपने जुनून का अनुसरण करें। डर और सेल्फ डाउट को अपने लक्ष्य पर हावी न होने दें।

### दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज

बता दें कि अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो काफी दिलचस्प है। उनकी यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म इस साल बाल दिवस पर यानी 14 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अजय देवगन के अलावा इस सीक्वल फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, आर माधवन, मीजान जाफरी और जावेद जाफरी भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है। इसे टी-सीरीज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन और तरुण जैन प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के लिए दिल्ली पहुंची। इस मौके पर अजय देवगन ने फिल्म इंडस्ट्री में तीन दशकों से ज्यादा समय तक काम करने के बाद बॉलीवुड में प्रासंगिक बने रहने का अपना सूत्रा शेयर किया। अभिनेता ने आत्मविश्वास के महत्व पर जोर दिया और लोगों को सुझाव दिया कि वे सेल्फ बिलीव को मानें साथ ही कठिन मेहनत करते रहें। अजय देवगन ने कहा, आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। खुद पर यकीन रखना होगा और मेहनत करते रहनी होगी। मुझे नहीं लगता कि असुरक्षा की कोई जगह है। इसके लिए जिंदगी बहुत छोटी है।

### दिल की जरूर सुननी चाहिए

अजय देवगन ने अपने जीवन के सिद्धांतों पर जोर देते हुए युवा और उभरते कलाकारों से कहा, सफलता और असफलता की चिंता किए बिना, जीवन में पूरे मन से अपने जुनून को फॉलो करना चाहिए। अजय देवगन ने कहा, मैं युवा पीढ़ी से यही कहता रहता हूं। अगर आपको कोई चीज दिल से पसंद है, तो आगे बढ़ें और उसे करें। यह काम करेगा या नहीं, यह हम बाद में देखेंगे। अगर आपको कोई चीज दिल से पसंद है, तो आपको उसे करना चाहिए।



# उर्वशी रौतेला ने फिर थपथपाई अपनी पीठ

## इस कामयाबी के लिए अदा किया फैंस का शुक्रिया

दिवाली का त्योहार है। इंडस्ट्री में पार्टी और सेलिब्रेशन का दौर जारी है। हाल ही में उर्वशी रौतेला भी एक दिवाली पार्टी में शामिल हुईं। उनका दावा है कि इस दौरान उन्हें अपनी एक बड़ी सफलता के बारे में मालूम चला और इसे उन्होंने फैंस के साथ शेयर किया है। उर्वशी का दावा है कि उनके तीन चर्चित गाने एक-एक बिलियन व्यूज के करीब पहुंच गए हैं। दिलचस्प बात है कि यह सफलता हासिल करने वाली वह पहली और सबसे कम उम्र की भारतीय अभिनेत्री हैं।

### तीन गानों ने बनाया रिकॉर्ड


उर्वशी रौतेला ने आज शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने रेड कलर की ड्रेस में अपनी स्टनिंग और स्टाइलिश फोटोज शेयर की है। इसके साथ लिखा लंबा नोट गौर करने लायक है। उर्वशी ने लिखा है, पहली और सबसे कम उम्र की भारतीय अभिनेत्री, जिसके तीन गाने अलग-अलग एक अरब व्यूज के करीब पहुचे हैं। कुल मिलाकर लगभग तीन अरब व्यूज हासिल हुए हैं। यह गाने हैं, सनम रे, हुआ है आज और लवडोज।

### फैंस ने दीं बधाई

इसी के साथ उर्वशी ने फैंस को धनतेरस और दिवाली की शुभकामनाएं भी दी हैं। मां लक्ष्मी आप और आपके परिवार पर समृद्धि, प्यार और रोशनी की बौछार करे। उर्वशी की इस सफलता पर फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। बता दें कि उर्वशी के यह तीनों ही गाने काफी चर्चित रहे हैं। हालांकि, तीनों को एक-एक बिलियन व्यूज अब तक तो नहीं मिले हैं, मगर सनम रे गाना इस संख्या के करीब जरूर है। बाकी दोनों गानों को भी यूट्यूब पर अच्छे-खासे व्यूज मिले हैं।

### दिवाली पार्टी में मिली खूबसूरत न्यूज

उर्वशी ने आगे लिखा है, आप सभी को यह बताते हुए मुझे बेहद खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। मुझे यह खूबसूरत न्यूज एक दिवाली पार्टी में पता चली। सच कहूं तो यह अभी भी काल्पनिक लग रहा है। आप सभी के प्रति मैं शुक्रगुजार हूं। मेरे कमाल के फैंस और शुभचिंतक, उन सभी के लिए जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया और मेरा उत्साह बढ़ाया, सभी का शुक्रिया। आपको अंदाजा भी नहीं है कि मेरे दिल में आप सभी के लिए कितना प्यार है।




# डीजल में अभिनय करना शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था

तमिल सिनेमा के उभरते सितारे हरीश कल्याण की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर डीजल 17 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में हरीश ने पहली बार एक एक्शन हीरो का किरदार निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन शन्मुगम मुथुसामी ने किया है। एक इंटरव्यू में हरीश कल्याण ने बताया कि डीजल में काम करना शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बेहद थकाऊ था। हरीश कल्याण ने कहा, निर्देशक शन्मुगम मुथुसामी की रिसर्च और डिटेलिंग ने मुझे हैरान कर दिया। उनकी स्क्रिप्ट की गहराई ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया और मुझे पूरा यकीन है कि दर्शक भी इसे खूब पसंद करेंगे। पेट्रोल और डीजल हर किसी की जिंदगी से जुड़े हैं, और सोने से ज्यादा वैल्यूएबल कच्चा तेल, जिसे ब्लैक गोल्ड कहते हैं, दुनिया का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला रिसोर्स है। हम रोज पेट्रोल पंप जाते हैं, लेकिन कच्चे तेल की उस डार्क वर्ल्ड के बारे में शायद ही सोचते हैं। डीजल उसी दुनिया को एक्सप्लोर करेगी।

उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म ग्लोबल ऑडियंस के लिए एक फ्रेश और अनोखा एक्सपीरियंस लेकर आएगी। इसे गहराई और पर्पज के साथ क्राफ्ट किया गया है, और बड़े स्केल पर प्रोड्यूस किया गया है। हमने क्रिएटिव रिस्क लिए हैं जो कुछ अलग लेवल के हैं। दुनिया की सबसे बिजी लोकेशन्स पर शूटिंग करना सच में एक बड़ा चैलेंज था, लेकिन साथ ही एक्साइटिंग भी। बताया जा रहा है कि अभिनेता हरीश कल्याण ने इस रोमांचक थ्रिलर पर बड़ा दांव लगाया है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने प्रेग्नेंसी अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी



एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए मजेदार अंदाज में जवाब दिया है। रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मानव इतिहास में सबसे लंबी प्रेग्नेंसी का वर्ल्ड रिकॉर्ड मेरे नाम है (16 महीने पूरे हो गए हैं, हमारी समझदार मीडिया के हिसाब से)। ये सब सिर्फ इसलिए क्योंकि मैंने पेट पर हाथ रखकर पोज दिया था। आखिरी स्लाइड तक स्क्रॉल करें और हमारा रिएक्शन देखें... फिर इस दिवाली बस चमकते रहिए! दरअसल, दो दिन पहले सोनाक्षी और जहीर डिजाइनर विक्रम फडनीस के शो में शामिल हुए थे। इवेंट में हिस्सा लेने के लिए सोनाक्षी ने रेड और वाइट रंग की अनारकली पहनी थी। रेड कारपेट पर पैपराजी के लिए पोज देते समय वो दुपट्टे से अपना पेट कवर करती दिखीं। एक वीडियो में वो पेट पर हाथ रखते भी नजर आईं, जिसके बाद से ही उनकी प्रेग्नेंसी की अफवाहें चलने लगीं। वहीं, बुधवार को कपल प्रोड्यूसर रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी में पहुंचा था। इस दौरान दोनों मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान और सोहेल खान के बेटे के साथ पैपराजी को पोज देते दिखे। सोनाक्षी और जहीर ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद साल 2024 में शादी की थी। दोनों ने अपने करीबी लोगों की मौजूदगी में घर पर ही शादी रजिस्टर करवाई थी। कपल अक्सर सोशल मीडिया पर अपने डे टू डे लाइफ के वीडियो भी शेयर करते रहते हैं।

# द राजा साब के बाद मालविका मोहनन को मिली मेगा 158




तेलुगु सिनेमा की दुनिया से बड़ी खबर सामने आ रही है। जल्द ही प्रभास के साथ फिल्म 'द राजा साब' में नजर आने वाली साउथ की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस करती नजर आ सकती हैं। यह खबर सुनते ही फैंस के बीच इसे लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्देशक बॉबी कोली की अगली फिल्म 'मेगा 158' में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में दो हीरोइनों को कास्ट किया जा रहा है, जिनमें से एक के लिए मालविका मोहनन का नाम चर्चा में है। अगर सब कुछ तय हुआ, तो 'द राजा साब' के बाद यह मालविका की दूसरी तेलुगु फिल्म होगी, जो उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। मालविका के करीबी सूत्रों का कहना है कि अभिनेत्री के लिए मेगास्टार चिरंजीवी के साथ स्क्रीन शेयर करना किसी सपने से कम नहीं है। चिरंजीवी और बॉबी की पिछली फिल्म 'वाल्थेयर वीरैया' सुपरहिट रही थी, ऐसे में दर्शकों को इस नई जोड़ी से भी काफी उम्मीदें हैं।

# लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है



बॉलीवुड एक्ट्रेस इशिता दत्ता बहुत जल्द फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करती दिखाई देंगी। उन्होंने बताया कि जब वह गर्भवती थीं तभी उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। यह उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण दौर था, लेकिन उन्होंने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। इशिता ने यह भी बताया कि शूटिंग के समय उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज को सीक्रेट रखा ताकि काम पर असर न पड़े। दो बच्चों, बेटे वायु और बेटी वेदा की मां बनने के बाद यह उनकी पहली फिल्म है जो रिलीज होने जा रही है। इशिता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में 'दे दे प्यार दे 2' के पोस्टर के बगल में अपनी एक तस्वीर साझा की। इसमें अभिनेत्री ने बताया कि इतने लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, इस फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हूं... दोनों बच्चों के बाद मेरी पहली फिल्म। इसकी शूटिंग के दौरान मैं गर्भवती थी। 4 साल बाद वापसी करना बहुत अजीब लग रहा है, मानो एक नई शुरुआत हो... आप सभी का आशीर्वाद चाहिए... क्या मैं कह सकती हूं कि मैं पोज देना भूल गई हूं, एक नई शुरुआत के लिए उत्साहित हूं। हाल ही में फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हुआ था। इसमें आयशा नाम की लड़की की स्टोरी है जो एक ऐसे शख्स से प्यार करती है जो उम्र में उनसे काफी बड़ा है। इसमें अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में दिखाई देंगे।



# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में दूल्हे के रोल में दिखेंगे संजय मिश्रा

## किरदार को टर्निंग प्वाइंट बताया


**बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा की नई फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का अनाउंसमेंट हाल ही में हुआ था। इस फिल्म में वह एक दूल्हे के रोल में दिखाई देंगे। ऐसा दूल्हा जो दूसरी बार शादी करने वाला है और शादी के लिए लड़की वालों को दहेज तक देने को तैयार है।**

संजय मिश्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, दुल्हन मिल गई है, अब तैयार हो जाइए क्योंकि बारात जल्द ही आने वाली है, आपके नजदीकी या थोड़ी दूर सिनेमाघरों में।

इस पोस्टर में महिमा चौधरी को दुल्हनिया के रूप में दिखाया गया है, जबकि संजय मिश्रा उनकी तस्वीर लिए बैठे दिख रहे हैं। संजय मिश्रा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि यह किरदार उनके लिए क्यों खास है। अभिनेता ने कहा, दुर्लभ प्रसाद एक ऐसा किरदार है जिसे आप उसकी सादगी और मासूमियत के लिए पसंद करेंगे। इमोशन के साथ कॉमेडी हमेशा खास होती है, और इस फिल्म में दोनों ही भरपूर हैं। मैं दर्शकों को इस अनोखे दूल्हे और उसके अनोखे सफर से रूबरू कराने के लिए उत्साहित हूं।

वहीं, फिल्म के निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन ने बताया कि इस फिल्म की कहानी ऐसी है जो दर्शकों को हंसाने के साथ ही सोचने को भी मजबूर कर देगी। इसमें एक गहरा सामाजिक संदेश भी छिपा है। इससे पहले फिल्म की घोषणा करते हुए एक पोस्ट में संजय मिश्रा ने लिखा था, टैग करें, शेयर करें और जीवनसंगिनी ढूंढने में दुर्लभ प्रसाद का साथ दें। दुल्हन खोज अभियान से जुड़िए, कौन जाने आपका एक शेयर किसी की जिंदगी में प्यार भर दे।

दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में महिमा चौधरी, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया, और श्रीकांत वर्मा जैसे कलाकार भी हैं। एका एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में एक ऐसे बेटे की कहानी है जो विधुर पिता की दूसरी शादी करवाना चाहता है। इस फिल्म को सिद्धांत राज सिंह ने डायरेक्ट किया है। फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट नहीं आई है।





नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात कर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन ( दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ) कैप्टन विकास गुप्ता।

# छठ पूजा को लेकर जारी ट्रैफिक एडवाजरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोक आस्था का महा पर्व छठ को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। नोएडा में प्राधिकरण द्वारा जहां कृत्रिम छठ घाट का निर्माण हो रहा है। वहीं हिंडन, यमुना के किनारे छठ का त्यौहार मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने भी छठ को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने छठ पूजा को लेकर ट्रैफिक एडवाजरी जारी की है। इसके तहत छठ पूजा यमुना नदी (कालिन्दी कुंज) हिन्डन नदी पुल कुलेसरा, चोटपुर/बहलोपुर सेक्टर-63 तथा नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21ए पर मनाया जाना प्रस्तावित है। इसको देखते हुए 27 से 28 अक्टूबर तक भारी/ मध्यम / हल्के मालवाहन वाहनों का रूट डायवर्जन किया जायेगा। रूट डायवर्जन से एम्बुलेंस/ फायर सर्विस वाहन मुक्त रहेंगे।

यातायात पुलिस द्वारा जारी रूट डायवर्जन के तहत नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से कालिन्दी बॉर्डर होकर दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को चरखा गोलचक्कर से दलित प्रेरणा स्थल की ओर डायवर्ट किया जायेगा। ये वाहन डीएनडी/चिल्ला होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। वहीं सैक्टर-37 से कालिन्दी बॉर्डर की ओर जाने वाले यातायात



को महामाया फ्लाईओवर से दलित प्रेरणा स्थल की ओर डायवर्ट किया जायेगा। यह यातायात डीएनडी/चिल्ला होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगा।

सूरजपुर से कुलेसरा/फेस-2 की ओर जाने वाले यातायात को कच्ची सडक तिराहा से चौगानपुर गोलचक्कर की ओर डायवर्ट किया जायेगा। यह ट्रैफिक बिसरख गोलचक्कर होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगा।

यातायात पुलिस द्वारा बताया गया है कि फेस-2 से हिन्डन नदी की ओर जाने वाले यातायात को फेस-2 से ककराला की ओर डायवर्ट किया जायेगा। यह टैफिक सोरखा,

**हेल्पलाइन नम्बर जारी**

**रूट डायवर्जन को लेकर जारी एडवाजरी को लेकर यातायात पुलिस ने आम जन की सुविधा के लिए हेल्प लाइन नम्बर 9971009001 भी जारी किया है। इस हेल्पलाइन नम्बर पर संपर्क कर टैफिक जाम से बचा जा सकता है।**

बिसरख होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगा। किसान चौक से पर्थला की ओर जाने वाले यातायात को किसान चौक से बिसरख की ओर डायवर्ट किया जायेगा। यह यातायात बिसरख से सोरखा से पर्थला होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगा।

वहीं पर्थला से किसान चौक की ओर जाने वाले यातायात को पर्थला गोलचक्कर से सोरखा की ओर डायवर्ट किया जायेगा। यह यातायात सोरखा बिसरख होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगा।

# छठ घाट हो रहे तैयार, व्रती खूब आस्था से मनाएं आस्था का महापर्व

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आस्था का महापर्व छठ के व्रती 27 अक्टूबर की शाम



को डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे और 28 अक्टूबर को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे। व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर में विभिन्न जगहों पर बने कृत्रिम तालाबों की मरम्मत करा रहा है। उनमें एक दिन पहले पानी भर दिए जाएंगे, ताकि व्रतियों को इन जगहों पर सूर्य को अर्घ्य देने में कोई दिक्कत न हो।

ग्रेटर नोएडा में बड़ी तादाद में लोग छठ महापर्व को मनाते हैं। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने छठ महापर्व के व्रतियों को सूर्य का अर्घ्य देने के लिए सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को उनके एरिया में बने कृत्रिम तालाबों की मरम्मत कराने, साफ- सफाई, लाइटिंग, पानी आदि के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसके मद्देनजर परियोजना विभाग विभिन्न जगहों पर बने कृत्रिम तालाबों को दुरुस्त करा रहा है। ये छठ घाट ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क वन स्थित आईईसी कॉलेज के पास, हैबतपुर कम्युनिटी सेंटर के पास, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन-4 स्थित चेरी काउंटी सोसाइटी के पास, चेरी काउंटी के पास एक अन्य घाट, टेकजोन-4 में ही तीसरा घाट, सेक्टर-3, सेक्टर पी-3, कुलेसरा, सेक्टर ज्यू -टू आदि जगहों पर स्थित हैं। छठ व्रती इन जगहों से सूर्य को अर्घ्य दे सकते हैं। सभी घाटों के मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है। साफ-सफाई की



व्यवस्था दुरुस्त करा दी गई है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने भी विद्युत अभियांत्रिकी और जल विभाग को इन स्थानों पर बने तालाबों में पानी और लाइटिंग का इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने बताया कि छठ व्रतियों के लिए इन तालाबों से अर्घ्य देने के सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। इन स्थानों के अतिरिक्त अगर छठ व्रतियों की तरफ से किसी स्थान पर तालाब या गड्ढे में साफ -सफाई और लाइटिंग का इंतजाम कराना चाहते हैं तो वे प्राधिकरण को सूचित कर सकते हैं। प्राधिकरण की तरफ से उन जगहों पर भी सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। सभी वरिष्ठ प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि छठ पूजा के लिए निर्धारित स्थानों पर जाकर शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराएं।

# जेल में कैदियों की बहनों ने टीका कर मनाया भाईदूज



**नोएडा ( चेतना मंच )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं कारागार मंत्री के निर्देशों तथा पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक कारागार उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार भाईदूज के पावन पर्व पर गौतमबुद्धनगर जिला कारागार में बंदियों की अपनी बहनों से मुलाकात, टीका व पूजन की विशेष व्यवस्था कराई गई।

भाईदूज के अवसर पर बड़ी संख्या में महिला मुलाकाती बहनें अपने भाइयों से मिलने पहुंचीं। उन्होंने बंदियों की दीर्घायु की कामना करते हुए उनका तिलक व पूजन किया। कारागार प्रशासन द्वारा मुलाकाती बहनों के लिए चाय, बिस्कुट, पुलाव, केला, सेब, फ्रूटी, शुद्ध मिनरल वाटर और शीतल जल आदि की व्यवस्था की गई।

इन व्यवस्थाओं में कारागार परिवार, अपराध निरोधक समिति, प्रोमेथियस स्कूल, कल्चर होटल्स और नजीर फूड्स जैसी सेवी संस्थाओं का सहयोग रहा। इसके साथ ही कारागार परिसर में टेंट, दरी, कुर्सियों और साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

भाईदूज पर कुल 3074 महिला मुलाकातियों व बच्चों ने जेल पहुंचकर अपने भाइयों को टीका किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार लगभग 55 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

इस अवसर पर अधीक्षक बृजेश कुमार, कारापाल संजय कुमार शाही, राजेश कुमार मौर्य, सुरजीत सिंह, शिशिरकांत, अनूप कुमार, अनुज कुमार, कमल चंद, मनोज कुमार सिंह, श्रीमती ज्ञान लता पाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।



कल भाई दूज पर भाजपा नेता तथा सांसद प्रतिनिधि संजय बाली को तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर भाई दूज मनाती भाजपा नेत्री डा. जीनत अंसारी।

# ग्रेटर नोएडा में किया श्री चित्रगुप्त देव का पूजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** चित्रांश समाज ने अराध्य देव श्री चित्रगुप्त जी की पूजा सामूहिक रूप से माता वैष्णों देवी मंदिर, नवादा, ग्रेटर नोएडा में की। समाज के लोगों ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर अराध्य देव से सर्व समाज के कल्याण, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

पूजन के बाद भव्य आरती की गई और उपस्थित जनों में प्रसाद का वितरण किया गया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने भजन की सुंदर प्रस्तुति देकर भक्तों का मन मोह लिया। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन कर समस्त समाजजनों के लिए प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर समाज के प्रमुख सदस्य निशिथ श्रीवास्तव, राजेश माथुर, अनिल श्रीवास्तव, एस.पी. अम्बष्ठ, विश्वबंधु निगम, रोहित प्रियदर्शन, अरविंद श्रीवास्तव, राघवेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद अस्थाना, अविनाश, संजीव सक्सेना, विनोद सहित समस्त समाजजन उपस्थित रहे।

# श्रीजी गौसदन में मनाई गोवर्धन पूजा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रीजी गौसदन सेक्टर-94 नोएडा में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रीमती राधा शर्मा और उनकी टीम के द्वारा सुंदर भजनों का गायन किया गया।

आयोजन में मुख्य यजमान अक्षय कुमार गर्ग सह-परिवार सम्मिलित हुए। गौशाला में उपस्थित सभी गौभक्तों ने गोवर्धन पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया और इसके पश्चात प्रसाद भंडारे का वितरण किया गया। इस आयोजन में शहर के सभी गणमान्य और श्रीजी गौसदन की समस्त कार्यकारिणी एवं गौ भक्त उपस्थित रहे।

